# दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू

सत्र 2018–19

अभ्यास कार्य –पत्रिका–II

महीना– जुलाई

नाम – ..............................................................

विषय– हिन्दी कक्षा – छठीं

**खण्ड : 'क'**

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

*भारत संपूर्ण विश्व में अपनी वास्तुकला, चित्रकला तथा शिल्पकला के लिए प्रसिद्ध है। आगरा में स्थित ताजमहल अपनी निर्माण-कला के कारण विश्व में सात अजूबों की श्रेणी में आ गया है। श्वेत संगमरमर से बने इस स्मारक की उज्ज्वल आभा सभी को आश्चर्यचकित कर देती है। प्रतिवर्ष आने वाले हज़ारों पर्यटक ताजमहल के अद्वितीय सौंदर्य की सराहना करते नहीं थकते। ताजमहल का निर्माण मुगल बादशाह शाहजहाँ ने अपनी बेगम मुमताज की स्मृति में करवाया था। लगभग बीस हज़ार देशी-विदेशी कारीगारों ने इसे सत्रह वर्ष में बनाकर पूरा किया था। ताजमहल के लिए कारीगरों ने आगरा के पास यमुना नदी के किनारे एक खुला और विस्तृत स्थान चुना। ताजमहल के आगे की तरफ़ सुंदर बगीचे बनाए गए। ताज के गुंबद और मीनारें दूर से ही दिखाई देते हैं। ताजमहल एक भव्य चबूतरे पर बना है। पूरा चबूतरा सफ़ेद संगमरमर का है और इसी के ऊपर दूध-सी सफ़ेद मीनारें है। शाहजहाँ और बेगम मुमताज का मकबरा इस इमारत की सुंदरता को और भी बढ़ाते हैं। ताजमहल हमारी धरोहर है। इसकी सुंदरता की रक्षा करना हम सभी का परम कर्तव्य है।*

(*i*) भारत विश्व में क्यों प्रसिद्ध है?

..............................................................

..............................................................

(*ii*) ताजमहल का विश्व के सात अजूबों की श्रेणी में आने का क्या कारण है?

..............................................................

..............................................................

(*iii*) ताजमहल का निर्माण बादशाह शाहजहाँ ने किसकी स्मृति में करवाया था?

..............................................................

..............................................................

(*iv*) ताजमहल को बनाने में कितने वर्ष लगे?

..............................................................

..............................................................

(*v*) हमारी इस अमूल्य धरोहर के प्रति हमारा क्या कर्तव्य है?

..............................................................

..............................................................

2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

मन की चंचलता मनुष्य को मनोरंजन के अनेक अवसर प्रदान करती है। लेकिन इससे प्रगति के पथ में आने वाली अनेक बाधाएँ जीवन को मुसीबत में डाल देती हैं। मनुष्य अपने कार्य में सफलता के लिए संकल्प करता है। जी-जान से उस कार्य में श्रम-साधना से जुट जाता है। सफलता सामने दिखने लगती है। आशा और विश्वास के साथ कार्य में जुटे व्यक्ति के मन की चंचलता थकान से परेशान इनसान को आराम के गद्दों पर आनंद के खेल शुरू करवाती है। तब आज का काम कल पर टालने की आदत को प्रोत्साहन मिलता है और व्यक्ति मौज़-मस्ती की ज़िंदगी जीने लगता है। ऐसे में मन भटकता है और विश्वास टूट जाता है। आशा की किरणें अंधकार में गुम हो जाती हैं। मन की चंचलता ने विश्राम और मौज-मस्ती के नाटक में मनुष्य के साथ ऐसा खेल रचा कि उसे अपने कार्य सफलता के स्थान पर विफलता मिली। अतः मन की ऐसी चंचलता से बचना ही अच्छा है।

(i) मन की कौन-सी स्थिति मनुष्य को मनोरंजन के अनेक अवसर प्रदान करती है?

..........................................................................................................

..........................................................................................................

(ii) प्रगति के पथ पर बाधाएँ मन की किस स्थिति के कारण उत्पन्न होती हैं?

..........................................................................................................

..........................................................................................................

(iii) मनुष्य अपने कार्य में सफलता के लिए क्या करता है?

..........................................................................................................

..........................................................................................................

(iv) थकान से परेशान इंसान को आराम मिलने पर कौन-सी आदत को प्रोत्साहन मिलता है?

..........................................................................................................

..........................................................................................................

(v) इस गद्यांश का समुचित शीर्षक लिखिए।

उ0 ..........................................................................................................

..........................................................................................................

3. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

*आ रही रवि की सवारी,*
*नव किरण का रथ सजा है,*
*कलि-कुसुम से पथ सजा है,*
*बादलों-से अनुचरों ने स्वर्ण की पोशाक धारी।*
*आ रही रवि की सवारी।*

(*i*) किसकी सवारी आ रही है?

..................................................................................................

..................................................................................................

(*ii*) सवारी वाला रथ किससे बना है?

..................................................................................................

..................................................................................................

(*iii*) सूर्य का रास्ता किससे सजा हुआ है?

..................................................................................................

..................................................................................................

(*iv*) सूर्य के सेवक कौन हैं?

उ0 ..................................................................................................

(*v*) काव्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

उ0 ..................................................................................................

५. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

*सादा जीवन, उच्च विचार।*
*बने हमारा हृदय उदार।।*
*तन हो स्वस्थ, भुजा में बल हो*
*मन प्रसन्न हो, चित्त निर्मल हो,*
*बनें ज्ञान गुण के आगार।*
*ऊँच-नीच का भेद भगावें,*
*दीन-दलित को गले लगावें,*
*करें मातृ-भू का उद्धार।*
*सेवा व्रत हो, सत्य धर्म हो,*
*ध्येय सदा कर्तव्य कर्म हो,*
*करें स्वर्ग-सा यह संसार।*
*यही कामना बारंबार।।*

(*i*) कवि ने क्या इच्छा प्रकट की है?

उ0 ..................................................................................................

..................................................................................................

(*ii*) कवि कैसे चित्त की आकांक्षा करता है?

(*iii*) कवि समाज से क्या भगाना चाहता है?

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

(*iv*) कवि किसे गले लगाने की बात कर रहा है?

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

(*v*) कवि कौन-सा धर्म अपनाने की बात कर रहा है?

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू
सत्र 2018–19
अभ्यास कार्य पत्र–II

कक्षा– छठी
विषय – हिंदी

पूर्णांक–

प्र.1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

क. कहानी में अंतरिक्षयान किसने भेजा और क्यों ?

ख. छोटू के पापा कहाँ जाते थे और वे क्या पहनकर जाते थे ?

ग. इसके कुछ दिनों बाद पृथ्वी के प्रमुख अखबारों ने क्या छापा ?

प्र.2 निम्नलिखित अति लघु उत्तर प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

क. छोटू का परिवार कहाँ रहता था ?

उ0 ........................................................................................

ख. कौन छोटू को वापस घर छोड़ आया ?

उ0 ........................................................................................

प्र.3 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

शब्द – अर्थ

1. सिक्योरिटी – ..........................................

........................................................................................

2. लाजिमी – ..........................................

........................................................................................

3. यान – ..........................................

........................................................................................

4. ऊर्जा – ..........................................

........................................................................................

5. मुमकिन – ..........................................

........................................................................................

6. सक्षम – ..........................................

........................................................................................

7. सुरंगनुमा – ..........................................

........................................................................................

8. अक्षम – ..................................................

..................................................................................................................................................

9. क्रमांक – ..................................................

..................................................................................................................................................

10. दर्शाना – ..................................................

..................................................................................................................................................

प्र.4 मूल्यपरक प्रश्नों के उत्तर लिखिए।
'पार नज़र के' कहानी के अनुसार मंगल ग्रह पर कभी आम जन–जीवन था। वह सब नष्ट कैसे हो गया? उत्तर 40–50 शब्दों में लिखिए।

प्र.5 अंतरिक्ष यान कैसे और क्यों भेजे जाते है ? उत्तर 40–50 शब्दों में लिखिए।

दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू
सत्र 2018–19
अभ्यास कार्य पत्र–III

कक्षा– छठी
विषय – हिंदी

पूर्णांक–

प्र.1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

क. स्वर किसे कहते हैं ? इसके कितने भेद हैं ? नाम लिखिए !
ख उपसर्ग किसे कहते है ? इसके कितने भेद है ? नाम लिखिए !
ग. वर्ण किसे कहते हैं ? इसके कितने भेद है ? नाम लिखिए !
घ. प्रत्यय किसे कहते हैं ? इसके भेदों के नाम लिखिए ।
ड. अनुनासिक तथा अनुस्वार में अंतर स्पष्ट कीजिए।

प्र.2 प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

क. द्वित्व व्यंजन के दो उदाहरण लिखिए।
.उ0
ख. हिंदी वर्णमाला के स्वर की तथा व्यंजन की संख्या कितनी है ?
उ0
ग. संयुक्ताक्षर, संयुक्त व्यंजन के दो–दो उदाहरण लिखिए ।
उ0

प्र.3 निर्देशानुसार उत्तर लिखिए –

क. वर्ण–विच्छेद कीजिए–

1. चंचल
2. आर्शीवाद
3. क्षेत्र
4. वृक्ष
5. सेहत

ख. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए–

1. जिसे अनुभव हो
2. शरण में आया हुआ
3. चार भुजाओं वाला
4. जिसका कोई अर्थ हो

ग. श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द के अर्थ लिखिए–

1. कुल कूल

2. इतर इत्र

घ. उपसर्ग लगाकर दो–दो नए शब्द बनाएं–

आ ................ ................

कु ................ ................

बद ................ ................

अध ................ ................

ङ. प्रत्यय और मूल शब्द अलग कीजिए–

| शब्द | मूल शब्द | प्रत्यय |
|---|---|---|
| 1. लड़ाई | | |
| 2. भुलक्कड़ | | |
| 3. खिलौना | | |
| 4. रंगीन | | |

दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू

सत्र 2018–2019

अभ्यास कार्य–पत्र(4)

प्र०1 निम्नलिखित विषय पर पत्र लिखें:–

क. विद्यालय के पुस्तकालय में हिंदी भाषा की पत्रिकाएँ मँगवाने के लिए–पत्र लिखिए।

ख. विद्यालय में शोचालय की सफाई के लिए प्राधानाचार्या जी को प्रार्थना पत्र लिखिए।

प्र०2 निम्नलिखित विषय पर अनुच्छेद लिखें:–

जल संकट

संकेत बिंदु :

- जल ही जीवन है
- जल की कमी व इसके कारण
- जल बचाने के उपाय व वर्षा जल को बचाना

प्र०3 आम्र जूस पर एक आकर्षक विज्ञापन तैयार करें।